[श्रीमती वीणा वर्मा]

भी छोटे अखबारों को बहुत कठिनाई आ रही है कि एक साल का कोटा कहां से उठाए ? इतना पैसा वह कहां से लायें ? तो इस प्रकार छोटे और मझोले जो अखबार हैं, वह भी संकट में हैं । मैं सरकार से यह मांग करूंगी कि सात साल पहले गठित बछावत आयोग की वेतन की सिफारिशें लागू करें तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों की तरह अखबारों के लिए भी चार पांच साल में वेतन आयोग का गठन किया जाए, सुप्रिम कोर्ट में लंबित जो बछावत वेतन वाले प्रकारण हैं उनको जल्दी निपटाने की व्यवस्था हो, राममोहन राव कमेटी की सिफारिशें जल्दी ही लागू करवाई जाए, लघु एवं मझोले समाचार पत्रों के अस्तित्व को जिन्दा रखने के लिए उक्त कमेटी की सिफारिशों पर सरकार ध्यान दें, जो वह ठेकेदारी प्रथा चल रही है इसे समाप्त करने के लिए सरकार कड़े कदम उठाए और जो इनकी मांग है सात साल से वेतन आयोग पर ध्यान नहीं दिया गया, उसकी सिफारिशें लागू नहीं की गई, उसके लिए भी मैं सरकार से गुजारिश करूंगी कि इस ओर सरकार ध्यान दे । साथ ही मंत्री जी इस पर एक वक्तव्य दें तो बहुत अच्छा होगा । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Already this issue was raised in the Zero Hour and I am sure the Government will respond' to it.

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव : (महाराष्ट्र) : सर, मैं अपने आपको इससे एसोसिएट करता हूं क्योंकि यह छोटे अखबार वालों की बहुत महत्वपूर्ण समस्या है और छोटे रिपोर्टर्स जो हैं उनकी भी गंभीर समस्या है । तो बछावत आयोग की सिफारिशें हैं वह जल्दी से जल्दी सरकार लागू कराने का प्रयास करे तो इससे हमारे हजारों/लाखों पत्रकारों की एक गंभीर समस्या हल हो सकती है । इसके साथ ही नए वेतन आयोग को गठित करने की कृपा करें ।

**Need to expedite the setting nj» of Institute of advanced research in science and technology in Assam**

Sffill BHADRESWAR BURAGOHAIN (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, through this special mention, I want to draw the attention of the J Government of India; specially the Bepaitment of Science and Technology, for speedy implementation of an already promised project way back in 1985. Clause 7 of the Assam Accord, 1985, provides for the establishment of an Institute of Advanced Research in Science and Technology by Government t>f India, With that end in view, the erstwhile AGP Government in Assam had constituted a task force to go in detail into the modalities, the area of research etc. for the said institute-. The task force has submitted its report and[1] the following areas were recommended by the task force in the initial phase.

(a) Modern Biology including-Bio-technology.

(b) Material Science.

(c) Thrust areas of physical science, plasma physics and other areas.

(d) Nuclear science and technology application-oriented programmes.

(e) Mathematical, and Statistical science.

(f) Computer science and modern information.

(g) Resource management and! environment^

(h) Instrumentation centre.

(i) Library and information and documentation centre.

(j) Training school programme.

The financial estimate recommended by the task force for the next ; five years for research and infrast-ructural development was Rs. 20.00 erores* The Government of Assam

after approving the task force report, forwarded the same to the Depart ment of Science aid Technology, Government of India, for its approval and speedy implementation. The scientific community of Assam has long since been demanding for the establishment of an institute for high quality resean h in frontier aivas of science and technology in eluding applied res arch that will have a significant bearing on the de velopment of resources of the State and the region. Such an institute shall have to be a' national level institute providing fcope and facilities for a judicious mix of fundamental and' applied research. Sir. the Department of Science and Technology, Government of India, after examining the task force report, conve.-ned an inter-ministerial meeting at Technology Bhawan, New Delhi, on 4th November, 1991, with the representatives of the Government of Assam. Departments of Bio-Technt>-logy, Environment, Atomic Energy, Ministry of Home Affairs and Finan ce, Planning Commission and Human Resource Devrloment. At the meeting, a general consensus emerged for acceptance of the report of the task force. I hereby request the Government of India to expedite the establishment of the said institute under the direct purview o: a Central agency like DST/DBT/D\E so that the requisite financial assistance can be provided[1] by the Centre and that the existing Institute of Advance Research for Science and Technology in Assam can be upg aded under a Central agency and not under the State Government vhich has little scope for providing adequate -fund and other infrastruc'-.ural facilities. I again urge upon the Union Government that the proposed[1] institute should directly be under any of the Central Departments of DST/DBT/DAE as in the case of Other centres of the country.

SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR (Assam): I associate myself with this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BAB'/): Before I call the next speaker, I have an announcement to make. As mentioned in the Agen da, the Minister of State for Home Affairs will make a statement at 5 o' clock. Along with that, there will be another statement regarding the incident of killings by suspected militants is Pilibhit district of Uttar Pradesh. ...(Interruptions) The statements will be made one after the other.

**Plight of farmers due to delayed rain in Madhya Pradesh, particularly to Tribal Arras**

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, दुर्भिक्ष का दैत्य एक बार फिर से अपनी पूरी क्रूरता और वीभत्सता से इस राष्ट्र के बड़े हिस्से को निहार रहा है। उसी समस्या की ओर मैं आपके माध्यम से सदन का, केंद्रीय सरकार का और राज्य सरकारों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

इस वर्ष मानसून ने मारिचिका जैसा या एक सुन्दर चपला जैसा व्यवहार किया। केरल में तो 5 जून को लगभग समय पर मानसून की बारिश हुई। लेकिन वहीं वह दस दिन रुक गया। बम्बई में उसे 10 जून को आना चाहिए, 19 जून को पहुंचा। यह दक्षिण मानसून जो उत्तरी भारत के अधिकतर प्रांतों—मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार इन क्षेत्रों में जाता है, वह मध्य प्रदेश में, उत्तर प्रदेश में, राजस्थान में यहां लगभग एक माह बाद पहुंचा। पहले जो मानसून के पूर्व की बारिश से लोगों ने अपनी बोनी करली थी, जो बीज लगाए थे, वह सड़ गए और जब मानसून एक माह बाद फिर से आया तो उनको नए बीज की आवश्यकता हुई। दुर्भाग्य की बात है कि नया बीज उपलब्ध कराने के लिए जो किसानों के पास नहीं था, उसके लिए न तो राज्य सरकारें ही तैयार थीं और न ही कोई योजना बनी थी। विशेषकर मध्य प्रदेश में किसानों को बड़ी दिक्कत